साई बोलो अल्ल्हा साई बोलो

साई बोलो अल्ल्हा साई बोलो,
साई बोलो साई राम बोलो कोई नाम बोलो.
साई राम बोलो साई श्याम बोलो,
अल्लाह साई मोला साई,
साई राम साई श्याम साई राम साई श्याम,

साई के दरबार में हर कोई एक समान,
सब को देखे एक नजर से साई ऐसे महान,
सब की बिगड़ी वो ही बनाते,
सब की नैया पार लगाते,
सच्चे मन से उनके सामने अन्तर पट को खोलो,
कोई नाम बोलो अल्ल्हा साई बोलो मौला साई बोलो

साई मांगे न तुमसे पापो का जवाब,
आप ही कर देंगे तेरे कर्मो का हिसाब,
शिरडी का पानी गंगा जल यहाँ न चलता कोई भी शल,
साई चरणमत से अपने पापो को तुम धो लो,
कोई नाम बोलो अल्ल्हा साई बोलो मौला साई बोलो

साई महिमा न्यारी साई का निराला प्यार,
भक्तो से भरा रहा सदा साई दरबार,
सब की मुरादे पूरी करते,
खाली हाथ न जाने देते ऐसे मेरे भोले साई की तुम जय जय बोलो,.
कोई नाम बोलो अल्ल्हा साई बोलो मौला साई बोलो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8123/title/sai-bolo-alaha-sai-bolo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |